# सरधना के डंपिंग ग्राउंड में भीषण आग, घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के डंपिंग ग्राउंड में बुधवार को अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे क्षेत्र में काले धुएं का घना गुबार फैल गया। धुएं की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास की बस्तियों में रहने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग कुछ ही मिनटों में तेजी से फैल गई और कूड़े के बड़े-बड़े ढेर जलने लगे। डंपिंग ग्राउंड में मौजूद प्लास्टिक, रबर व अन्य ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग ने भयावह रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने



लगातार कई घंटों तक कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। पालिका प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्राथमिक रूप से कूड़े में मौजूद ज्वलनशील पदार्थों के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। उनका कहना है कि बस्ती के बीच बना यह डंपिंग ग्राउंड लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ है। कई बार शिकायत और विरोध के बावजूद भी नगर पालिका कोई ठोस कदम नहीं उठा सकी है।

### धुएं से लोगों को सांस लेने में हुई दिक्कत

डंपिंग ग्राउंड में लगी आग के बाद उठे घने धुएं ने आसपास के लोगों की परेशानी बढ़ा दी। धुएं के कारण कई लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई, वहीं बच्चों और बुजुर्गों को खास तौर पर अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने आंखों में जलन, घुटन और बेचैनी की शिकायत की।

### बस्ती के बीच डंपिंग ग्राउंड बना मुसीबत

सरधना क्षेत्र में बस्ती के बीच स्थित डंपिंग ग्राउंड स्थानीय लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बना हुआ है। कूड़े से उठने वाले धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनका स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे पहले भी कई बार विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि डंपिंग ग्राउंड को जल्द से जल्द आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानियों से राहत मिल सके।

### आग बुझाने में लगी जेसीबी भी जलकर राख

**सरधना।** कस्बे के डंपिंग ग्राउंड में लगी भीषण आग ने न सिर्फ कूड़े के पहाड़ को अपनी चपेट में लिया, बल्कि राहत कार्य में जुटी मशीनरी को भी नहीं बख्शा। देर रात आग पर काबू पाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के दौरान मौके पर काम कर रही एक जेसीबी मशीन अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते आग ने जेसीबी को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में वह जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी भयावह और बेकाबू थी कि जेसीबी ऑपरेटर को समय रहते मशीन छोड़कर जान बचानी पड़ी। तेज लपटों और उठते घने धुएं के कारण मौके पर काम कर रही टीम को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। आग लगातार फैलती रही और हालात और गंभीर होते गए। हालांकि दमकल कर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी और लगातार कई घंटों तक चले अभियान के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना ने आग की भयावहता को और उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में इससे भी बड़े हादसे हो सकते हैं।

# पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर महानगर के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और सभी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

कंकरखेड़ा स्थित बी.एस.के. मॉडल स्कूल में पृथ्वी दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रैली से हुई, जिसमें नन्हे बच्चों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ और प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ जैसे नारों से जागरूकता फैलाई। इसके बाद पोस्टर मेकिंग और कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत और वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नीतू सिंह ने अपने संबोधन में पृथ्वी संरक्षण को सभी का नैतिक कर्तव्य बताते हुए पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण से संबंधित शपथ ली और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रों को पृथ्वी दिवस से जुड़े पोस्टर दिखाए गए तथा विद्यार्थियों ने इस विषय पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए। उप- प्रधानाचार्य पवन कपूर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पृथ्वी को बचाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, पानी और बिजली का संरक्षण करने तथा प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग न करने की अपील की। इस अवसर पर सभी कक्षाओं में पृथ्वी दिवस से संबंधित विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। प्रधानाचार्य शरद त्यागी ने शिक्षकों से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को पृथ्वी की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' गतिविधि में छात्रों ने कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाईं। कक्षा तीन की छात्रा अदीना ने कविता 'दे दो इसे जीवनदान' प्रस्तुत कर सभी को भावुक किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर, बैज और नारों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया, वहीं संगीत प्रस्तुति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित ने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।



बी.एस.के. मॉडल स्कूल


ऋषभ एकेडमी


गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल

# बिना कोचिंग सीवीपीए के छात्रों का कमाल, जेईई मेन में मिली शानदार सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि अब बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए बाहरी कोचिंग जरूरी नहीं रही। विद्यालय के इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के तहत पढ़ने वाले छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नया उदाहरण पेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 विद्यार्थियों में से 22 का चयन हुआ, जो 55 प्रतिशत सफलता दर दर्शाता है। इनमें 3 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल, 11 ने 97 पर्सेंटाइल और 16 ने 95 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल किए। प्रांजल सिंह राणा, प्रिंस वर्मा, अभिनव अग्रवाल, तुषांत सिंह व अभिनव कुमार भार्गव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। प्रबंधन ने इसे




स्कूल-आधारित तैयारी मॉडल की बड़ी सफलता बताते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई।

स्कूल चेयरमैन डॉ. ओ. पी. अग्रवाल एवं चेयरपर्सन डॉ. सरोजिनी अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि यह सफलता आने वाले वर्षों में भी नई ऊँचाइयों को छुएगी। स्कूल डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह, उप-प्रधानाचार्या मीनू कपूर एवं इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के फाउंडर एवं सीईओ डॉ. आर्यन अग्रवाल ने कहा कि अब समय आ गया है जब जेईई/नीट की तैयारी स्कूल के भीतर ही प्रभावी रूप से संभव है।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल में प्लास्टिक मुक्त पृथ्वी का दिया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बुधवार को पृथ्वी दिवस 2026 के उपलक्ष्य में एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' के तहत विद्यालय परिसर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण की महत्ता को रेखांकित किया। छात्रों ने सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर आधारित शानदार पोस्टर और वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए। भाषण, नाटक और गायन एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटकके माध्यम से प्लास्टिक मुक्त पृथ्वी का संदेश दिया गया। ओजस्वी भाषणों और मधुर पर्यावरण गीतों ने सभी को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विशेष सभा का मुख्य आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा। प्रधानाचार्य की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे, जल संरक्षण पानी की हर बूंद का मूल्य समझेंगे और उसे व्यर्थ नहीं करेंगे, पृथ्वी को कूड़ा-मुक्त रखेंगे और सिंगल-यूज प्लास्टिक को ना कहेंगे तथा सौर ऊर्जा और पुनर्चक्रण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह और प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा सभी से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, पृथ्वी केवल हमारा घर नहीं, बल्कि हमारा अस्तित्व है। यदि हम आज अपनी धरती को साफ-सुथरा और हरा-भरा रखेंगे, तभी आने वाला कल सुरक्षित होगा। कार्यक्रम का समापन इस ऊर्जावान संदेश के साथ हुआ कि मेरठ से लेकर पूरी दुनिया तक, हमें मिलकर अपनी धरती को बचाना है। यह आयोजन नई पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाने में पूरी तरह सफल रहा।

### साहब आपके आदेश से रिपोर्ट तो दर्ज हो गई, गिरफ्तारी भी करा दो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्रीनगर एल ब्लॉक निवासी जगमाल राणा व उनकी पत्नी सीता ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके साथ घटित लूट की घटना की आपके (डीएम के) आदेश से एफआईआर तो लोहियानगर पुलिस ने दर्ज कर ली है लेकिन आरोपी खुले नहीं घूम रहे बल्कि मुकदमा वापस न लेने की स्थिति में जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। निसन्तान दम्पत्ति ने डीएम से गुहार लगाई है कि आरोपियों की गिरफ्तारी भी करा दें। बता दें के.एल. ब्लॉक शास्त्रीनगर निवासी जगमाल राणा पुत्र भोले ने अपने मकान का निचला भाग कविता नाम की महिला को बेचा था। बकौल जगमाल बाद में कविता व उसके परिजनों ने पुलिस से सांठगांठ करके उसके मकान के ऊपरी भाग पर भी कब्जा कर लिया और कई लाख रुपये का सामान लूट लिया। आरोपी प्रभावशाली हैं, निसन्तान दम्पत्ति ने गिरफ्तारी की गुहार लगाई है। डीएम ने मामला एसपी सिटी को भेजा है।

# महिला आरक्षण को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

## विपक्ष का पुतला फूंका, प्रदर्शन के दौरान विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों ने महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संसद में नारी शक्ति वंदना अधिनियम पारित न होने के विरोध में आयोजित किया गया, जिसमें कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान डॉ. मीनाक्षी भराला ने कहा कि मेरठ की वीरांगनाओं को उनका सलाम है। भाजपा के लिए नारी सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक मजबूत संकल्प है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमीन पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर भाजपा हमेशा प्रतिबद्ध रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। जन आक्रोश रैली में उमड़ी भीड़ ने यह संदेश दिया कि अब महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर



पूरी तरह जागरूक हैं और किसी भी प्रकार के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि विपक्ष चुनाव के समय महिलाओं के नाम पर राजनीति करता है, लेकिन अधिकार देने के समय पीछे हट जाता है। प्रदर्शन के अंत में देवी मंदिर चौराहे पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पुतले फूंके गए और विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा पिंकी सोम, उमा त्यागी, शालिनी सैनी, विमला अरोड़ा, इंद्रा जाटव, पूजा जैन, श्वेता वर्मा, पूजा अहलूवालिया, आरती सैनी सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन किनौनी, जिला महामंत्री राहुल चौहान, मंडल अध्यक्ष विनोद जैन, महामंत्री रक्षित गर्ग समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मेरठ में 3-डी लैप्रोस्कोपिक एंडोस्कोपिक वर्कशॉप आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ ऑब्स एवं गायनिक सोसायटी एवं एंडोस्कोपी कमेटी (यूपी चैप्टर) द्वारा बुधवार को होटल हार्मनी इन में 3-डी लैप्रोस्कोपिक एंडोस्कोपिक वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। यह वर्कशॉप अपने आप में अनूठी होगी, जिसमें 3-डी कैमरे के माध्यम से गर्भाशय, अंडाशय व स्त्री रोगों से जुड़े जटिल ऑपरेशनों का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन समिति की चेयरपर्सन डॉ. भारती माहेश्वरी ने बताया कि वर्कशॉप में करीब 100 स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ भाग लेंगे। सोसायटी की पैट्रन डॉ. उषा शर्मा सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगी। कोलकाता से प्रसिद्ध फॉरेन फैकल्टी डॉ. भास्कर पाल भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। न्यूटिमा हॉस्पिटल से लाइव सर्जरी का प्रसारण किया जाएगा, जिसमें डॉ. प्रियंका गर्ग व डॉ. वत्सल ठकराल ऑपरेशन करेंगे। साथ ही सिमुलेटर पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस दौरान डॉक्टर संदीप गर्ग, डॉक्टर प्रियंक उपस्थित रहे।

# नंगली बिजली घर में चोरी करते चार मजदूर रंगेहाथ पकड़े, ट्रांसफार्मर से निकाल रहे थे कॉपर

- अधिकारियों का दावा 50 किलो कॉपर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के नंगली स्थित बिजली घर में बुधवार सुबह चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे चार मजदूरों को मौके पर ही रंगेहाथ पकड़ लिया गया। आरोपी बिजली लाइन बिछाने के बहाने वहां पहुंचे थे, लेकिन खराब पड़े ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उससे कीमती कॉपर निकाल रहे थे। बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता अजय कश्यप ने बताया कि ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों को काफी देर से संदिग्ध आवाजें सुनाई दे रही थीं। जब मौके पर पहुंचकर जांच की गई, तो देखा गया कि चारों मजदूर ट्रांसफार्मर को खोलकर उसमें से कॉपर निकाल रहे थे। आरोपियों ने ट्रांसफार्मर के हिस्सों को तोड़कर अंदर से तार और कॉपर निकाल लिया था और





उसे अपनी गाड़ी की सीट के पीछे छिपाने की कोशिश कर रहे थे।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहवेज पुत्र शादाब, मोनू पुत्र सोराज, जुनेद पुत्र शिज्जुद्दीन और ओम पुत्र सोहराज निवासी अब्दुलापुर के रूप में हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चारों मजदूरों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मौके से करीब 50 किलोग्राम कॉपर बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में अच्छी कीमत बताई जा रही है।

हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से इस मामले में कोई औपचारिक कार्रवाई या मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी बताई जा रही है। इस घटना के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और बिजली घरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा सुरक्षा को और सख्त करने पर विचार किया जा रहा है।

## गुडनैस पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम इकला रसूलपुर में स्थित गुडनैस पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह और भावनाओं के साथ भाग लिया। छात्र छात्राओं ने चार्ट पेपर, प्रोजेक्ट और आकर्षक मॉडल बनाकर धरती को बचाने के उपाय प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने कार्यों के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमारी पृथ्वी बहुत अनमोल है और इसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पेड़ लगाने, पानी बचाने और प्रदूषण कम करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए। इसके साथ ही बच्चों ने भावपूर्ण और प्रेरणादायक भाषण देकर सभी को जागरूक किया। इस मौके पर चेयरमैन फखरे आलम ने शानदार मॉडल और भाषण देने पर याहया, आफिया, अमानी असद, अरूशा, अलीना, अजकिया, जकिया, मिस्बाह, बुशरा, इनाया, हादिया, सना, दानिया, फरहा, फातिमा, अमीरा आमिर, काशफी, आहिरा, माहिरा, ईशल मिस्बाह सैफी को मेडल देकर सम्मानित किया वहीं प्रिंसिपल उमर फारूक ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्कूल का स्टाफ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नरेश शर्मा उर्फ भोलू की हत्या का खुलासा

## दोनों आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद, पैसे के लेन-देन में हुई थी हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/जानी खुर्द।** थाना जानी पुलिस ने पिछली 18-19 अप्रैल की रात हुई व्यापारी नरेश शर्मा (नरेश उर्फ भोलू) की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल (7.65 बोर) और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। एसपी देहात अभिजीत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की पूरी जानकारी दी।

एसपी देहात अभिजीत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा करते हुए बताया कि 18-19 अप्रैल (शनिवार) की देर रात कुराली बस अड्डे पर चाय विक्रेता नरेश शर्मा उर्फ भोलू की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई थी। मामले की मॉनिटरिंग सीओ सरधना आशुतोष कुमार, जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र और क्राइम इंस्पेक्टर विजय राय और उनकी टीम कर रही थी। मंगलवार की देर रात थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नरेश शर्मा उर्फ भोलू की हत्या करने वाले आरोपी गंग नहर पर घूम रहे हैं। तभी पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर ली और उनको आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर लिया जहां उनके पास से एक पिस्टल और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूला। उन्होंने बताया कि वह हरिद्वार वाले रास्ते से कहीं भागने वाले थे लेकिन पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। सीसी टीवी फुटेज में पुलिस ने आरोपियों को पहचान लिया था। आरोपी कहीं दूर भागने की फिराक में थे। आरोपियों ने बताया कि रविवार की रात उन्होंने पहले बियर और शराब पी और पीने के बाद शरबा की बोतल को घटनास्थल पर ही छोड़ कर चले गए। उसके बाद वह नरेश के पास पहुंचे। कोरोना काल के समय नरेश उर्फ भोलू से 45000 रुपए उधार के तौर पर लिए थे जो काफी दिन से नहीं दिए थे। उसमें आधी रकम करीब 18000 रुपए जो आशीष पर अभी भी शेष थे नरेश मांगने लगा। आशीष ने कहा कि अभी पैसे नहीं है जिसमें नरेश उर्फ भोलु ने दोनों व्यक्तियों को मां बहन की गंदी-गंदी गाली दी जिसमें उसके दूसरे साथी ने कहा कि मार साले को गोली। वहीं आशीष ने नरेश पर फायरिंग कर दी और उसकी हत्या करने के बाद खेतों के रास्ते से फरार हो गये। पुलिस ने आरोपी हर्ष उर्फ हरशु पुत्र शेर सिंह व आशीष पुत्र सुरेंद्र निवासी कुराली को चालान कर जेल भेज दिया।

# सुभारती में सजेगा गौरव का महाकुंभ

## 11वें दीक्षांत समारोह में 2481 विद्यार्थियों का होगा सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन दिनांक 26 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय के मांगल्य प्रेक्षागृह में आयोजित किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि आचार्य देवव्रत, माननीय राज्यपाल गुजरात होंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नाइजीरिया के कैबी प्रांत के राज्यपाल नासिर इदरिस सम्मिलित होंगे। समारोह की अध्यक्षता विश्व. विद्यालय की कुलाधिपति डॉ. स्तुति कक्कड करेंगी। इनके अतिरिक्त इस समारोह में नाइजीरिया एवं पश्चिमी एशियाई देशों के गणमान्य अतिथि भी इस दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में नई जिम्मेदारियों और अवसरों की शुरुआत का प्रतीक है। कुलपति डॉ. शर्मा ने कहा कि इस समारोह में कुल 2481 उपाधियां प्रदान की जायेगी जिनमें 115 पी.एच.डी. की उपाधियाँ होंगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 45 स्नातक छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के 23 टॉपर को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। वहीं विश्वविद्यालय के एक सर्वश्रेष्ठ छात्र एवं छात्रा को चांसलर मेडल एवं संघमाता मुक्ति भटनागर मेमोरियल मेडल, तथा एम.बी.बी.एस.प्रथम वर्ष की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक-एक छात्र व छात्रा को नकद राशि देकर सम्मानित भी किया जायेगा। इस अवसर पर बोलते हुए सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रौशन करेंगे। डॉ. शल्या ने कहा कि सुभारती विश्व. विद्यालय की हमेशा से यही कोशिश रही है कि हमारा विद्यार्थी ना केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहें बल्कि वे व्यवहारिकता एवं नैतिक मूल्यों के साथ जीवन के पथ पर आगे बढ़े और राष्ट्र-निर्माण में अपना सर्वोच्च योगदान दें। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के महानिद. ेशक मेज. जन. (डॉ.) जी. के. थपलियाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का जो ध्येय वाक्य है शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता यह केवल एक वाक्य नहीं हैं यह भाव हम अपने विद्यार्थियों में पहले दिन से ही रोपित करते हैं। इस दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थी जब अपने-अपने पेश. ेवर क्षेत्र में जाएंगे तो यहां के संस्कार उनके व्यवहार एवं चरित्र में झलकेगा। डॉ. थपलियाल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अपने विद्यार्थियों में शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता का भाव दृढ़ करने के लिए राष्ट्रबोध के नाम से एक अनिवार्य विषय को लागू किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि दीक्षांत समारोह में आने वाले गणमान्य अतिथियों के अवलोकन के लिए विश्वविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिसेज के विभिन्न-विभिन्न स्टॉल्स विद्यार्थियों के द्वारा लगाए जाएंगे जिनमें राष्ट्रबोध, स्टार्टअप, पर्यावरण समिति एवं वेलनेस सेंटर प्रमुख रहेंगे। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए आयोजन के मुख्य समन्वयक प्रो. (डॉ.) निखिल श्रीवास्तव ने कहा कि दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित सुभारती आई.एन.ए. शहीद स्मारक एवं उपवन में पौधारोपण करके किया जायेगा। वहीं दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की रिपोर्ट माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा प्रस्तुत करेंगे। दीक्षांत समारोह में शिक्षा, अनुसंधान एवं सामाजिक योगदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के महानिदेशक मेज. जन. (डॉ.) जी. के. थपलियाल, एसएम (सेनि.) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ. ) शल्या राज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम. याकूब, कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मनोज कपिल, डॉ. ऋतेष चौधरी. डॉ. वैभव गोयल भारतीय आदि भी उपस्थित रहे।

# सीओ मवाना से मिले नगर पालिका के ठेकेदार

## तहसील मैदान में चल रहे सौंदर्यीकरण के दौरान, पुलिस ने रोका काम, मजदूर को ले गए थाने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के तहसील मैदान में चल रहे सौंदर्यीकरण के दौरान मवाना पुलिस ने काम रुकवा दिया और एक मजदूर को थाने ले गई। सरकारी काम रुकवाने में रही पुलिस की कार्यशैली से पालिका अधिकारी व कर्मचारी अचंभित थे। इस मामले को लेकर बुधवार को पालिका के ठेकेदार सीओ मवाना से मिले और मवाना पुलिस की इस कार्रवाई पर विरोध दर्ज किया। सीओ मवाना ने मामले की जांच कराने की बात कही है।

दरअसल, इस मामले में रालोद के नामित सभासद ने कुछ किसान नेताओं के साथ मिलकर समाधान दिवस पर शिकायत की थी। जिसमें कहा गया था कि पालिका द्वारा बनाए जा रहे मिनी स्टेडियम की सीढ़ी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से मिली है। सीढ़ी पर चढ़कर कोई भी व्यक्ति अंदर कूद सकता है।

हालांकि यह शिकायत पूरी तरह तर्क विहीन थी, क्योंकि यह निर्माण पालिका द्वारा अपनी जमीन में किया जा रहा था। ठेकेदार ने भी प्रधानाचार्या को भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी होने पर उसका समाधान करने की बात कही थी। सोमवार को जब वहां पालिका ठेकेदार के मजदूर काम कर रहे थे तो मवाना पुलिस ने पहुंचकर काम रुकवा दिया और एक मजदूर को पुलिसकर्मी थाने ले गए। सरकारी काम रुकवाने की पुलिस कार्रवाई किसी के गले नहीं उतरी। इसके विरोध में पालिका ठेकेदार निपुण चौहान के नेतृत्व में कई अन्य ठेकेदार सीओ मवाना पंकज लवानिया से मिले और विरोध दर्ज कराया। सीओ मवाना ने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी मिली उन्होंने तुरंत थाने में फोन कर मजदूर को छुड़वाया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। निपुण चौहान ने बताया कि ठेका राजा शर्मा के नाम पर है और वही अपने मजदूरों से पालिका से मिले ठेके के तहत काम करा रहे थे। सरकारी काम को पुलिस ने रुकवाया, समझ से परे है। सीओ मवाना ने उन्हें दोबारा ऐसा न होने व मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# बारात पर दबंगई दिखाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोडखुर्द निवासी कालूराम ने पुलिस में गांव के ही दूसरे समुदाय के लोगों पर बारात के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मोड़खुर्द निवासी कालूराम ने दी तहरीर में बताया कि उसकी भतीजी की बारात थाना टीपीनगर के शिवपुरम से मंगलवार को आई थी। खाना खाने के बाद बारात की चढत शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ कार में सवार हो पीछे से आए और बारातियों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गये। बारात में आई महिलाएं भी उनकी गालियों से शर्मसार हो गई, और वहां से जैसे-तैसे जान बचाकर दुल्हन पक्ष के घर पहुंचे। इस दौरान कुछ संभ्रांत लोगों ने समझौते की कोशिश की। लेकिन आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए उन्हें घर से भगा दिया। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। वही इस संबंध में थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

# विभिन्न स्कूलों में मनाया गया पृथ्वी दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विस्तृत और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का नेतृत्व विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता व प्रधानाचार्य आमिर खान ने किया। जिसमें समस्त शिक्षक और विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया स स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता व प्रबंधक सरदार जसवंत सिंह सहोता द्वारा परिसर में पौधे लगाकर बच्चों का अपने घर और आसपास कम से कम पांच पांच पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य आमिर खान ने अपने संबोधन में कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए संकट है। उन्होंने बच्चों को Reduce, reuse और recycle के मंत्र को जीवन में उतरने की सलाह दी। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा, मनजा. ेत कौर, हर्षिका अरोड़ा, कोमल राणा, दीप्ति शर्मा, गुरजीत कौर, ज्योति, खुशबू, मोनिका, धनवीर सिंह, प्रशांत कुमार, प्रवेश कुमार, सुशील कुमार, सूरज जैन, विजय कुमार, निखिल आर्य, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर बाल शिशु मंदिर में अर्थ-डे पृथ्वी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम किया एवं वृक्षारोपण किया।

### हर्रा नगर पंचायत में जनगणना प्रशिक्षण शुरू, डिजिटल गणना को लेकर कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** हर्रा नगर पंचायत के सभागार में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 21 अप्रैल से किया गया। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। आगामी जनगणना भारत की 16वीं जनगणना होगी, जबकि स्वतंत्रता के बाद यह आठवीं जनगणना के रूप में संपन्न होगी। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जिससे कार्य में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना चार्ज अधिकारी नीति गुप्ता की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने कार्यक्रम की निगरानी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षक नीलू राय एवं सत्येंद्र कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग, डेटा संकलन एवं सत्यापन की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई से 21 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक जनसंख्या से संबंधित विस्तृत आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। प्रशिक्षण में कर्मियों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया जा रहा है, ताकि वे अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर मोहम्मद अरशद, प्रदीप कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर) सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पंचायत प्रशासन ने इस प्रशिक्षण को जनगणना कार्य की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कर्मचारियों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की अपील की।

# भाजपा शासन में नामित रालोद कोटे का सभासद निभा रहा विपक्ष की भूमिका

- 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए में शामिल हुआ था रालोद
- स्थानीय नेता अलापते रहते हैं भाजपा जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोधी सुर
- एक सभासद की करनी, कितनों को पड़ रही है भरनी




**अजय सिंह**

**मवाना।** हाल ही में भाजपा सरकार द्वारा नगर पालिका मवाना में रालोद के कोटे से बनाए गए नामित सभासद खुलकर विपक्ष की भूमिका अदा कर रहे हैं। साझे की सरकार में आए दिन कुछ रालोद नेता भाजपा जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध ही सोशल मीडिया पर जहर उगलते देखे जा सकते हैं। ऐसे में सरकार के लिए रालोद नेताओं को जयचंद की उपाधि से नवाजना अतिश्योक्ति नहीं होगी। नामित सभासदों की शपथ ग्रहण के दिन हुआ विवाद भी प्रायोजित नजर आने लगा है, लेकिन इनकी करनी भाजपा के एक युवा नेता व अन्य कार्यकर्ताओं को भी भरनी पड़ रही है। रालोद नेता के भड़काने के बाद उपजे विवाद और उसमें दर्ज मुकदमें का खामियाजा कुछ निर्दोषों को भी भुगतना पड़ रहा है।

### भाजपा-रालोद गठबंधन सिर्फ शीर्ष नेताओं तक?

लोस चुनाव 2024 से कुछ दिन पहले ही रालोद मुखिया जयंत चौधरी एनडीए में शामिल हो गए थे। गठबंधन में बिजनौर और बागपत सीट रालोद के हिस्से में आई और ये दोनों ही सीटें रालोद ने जीती थीं। हस्तिनापुर विधानसभा की बात करें तो स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री दिनेश खटीक की रणनीति से यहां रालोद ने भारी बढ़त ली थी। एनडीए की जीत के बाद दो सीटों वाली पार्टी के मुखिया जयंत चौधरी को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया।

### स्थानीय रालोद नेता खोद रहे भाजपा की जड़ें

हाल ही में भाजपा शासन ने रालोद के साथ हुए गठबंधन की पूरी लाज रखते हुए हर नगर निकाय में रालोद को तरजीह दी और नगर पालिका मवाना में नामित पांच सभासदों में से एक सभासद रालोद के कोटे से नामित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दिन भीड़ अधिक होने के चलते पालिका हाल में कुर्सियां कम पड़ते ही रालोद सभासद मौका भुनाने लग गए। उनके भड़काने पर एक और सभासद व कार्यकर्ता भी धरने पर बैठ गए वहां एक व्यक्ति द्वारा माइक से महिला ईओ को अपशब्द तक कहे गए। हालांकि बाद में भाजपा कोटे से नामित सभासद के अधिवक्ता पिता वहां पहुंचे और सभी को समझा-बुझाकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम पूरा कराया। हालांकि उस प्रकरण के बाद अन्य नामित सभासदों ने रालोद कोटे से बने सभासद से पूरी तरह किनारा कर लिया है।

समन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब
(ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**विज्ञापन द्वारा न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश / कुटुम्ब न्यायालय मु0नगर**
वाद सं0-1240 सन् 2025
अश्वनी कुमार पुत्र सतीश कुमार उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम टांडा पोस्ट हसनपुर लुहारी, परगना चरथावल, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।..........**प्रार्थी/वादी**
**बनाम**
श्रीमती मिनाक्षी पत्नि अश्वनी कुमार पुत्री सोहनवीर उम्र 39 वर्ष निवासी पट्टी महर, घास मण्डी बड़ौत, तहसील बड़ौत जिला बागपत।.........**विपक्षिया/प्रतिवादिया**
**वाद अन्तर्गत धारा-13 (तेरह) हिन्दू विवाह अधिनियम**
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरुद्ध एक वाद धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम का योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का प्रतिवाद पत्र/जवाब आदि प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होने के लिए दिनांक 14-05-2026 को दिन में 10:00 बजे उपस्थित होने हेतु यह तिथि नियम करके यह समन सूचना प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति (उपस्थिति) के लिए तिथि नियत की गई है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात (उपस्थित) नहीं होंगे तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर कर दिया जायेगा।
आज दिनांक 18-04-2026को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
**आज्ञा से**
**मुंसरिम/राइडर**
**प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मुजफ्फरनगर।**

# इकड़ी में जयंत चौधरी की रैली के लिए लोकदल के नेताओं ने झोंकी ताकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** 25 अप्रैल को सिवाल खास विधानसभा के गांव इकडी में होने वाली केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की विशाल जनसभा के लिए राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता रणबीर दहिया ने बुधवार को केथवाड़ी शेखपुरी, डालमपुर, अमानुल्लापुर, रामपुर मोती, भदोडा, रोहटा आदि में जनसंपर्क किया और लोगों से मिले रणबीर दहिया ने कहा कि 25 अप्रैल को हमारे नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी गांव ईकड़ी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और चुनावी रणनीति बनाएंगे जिसमें कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में पहुंचे और हमारे नेता की विचार सुनें क्योंकि राष्ट्रीय लोक दल ही सर्व समाज की बात करती है जिसमें सभी लोगों का भला करती है। अगर देखा जाए तो पिछले करीब दो सप्ताह से राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय विधायक गुलाम मोहम्मद, रणबीर दहिया, सुनील रोहटा आदि नेताओं ने क्षेत्र में जनसंपर्क किया वहीं रणबीर दहिया लगातार रात और दिन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं और गांव गांव गली गली जाकर लोगों से 25 अप्रैल को होने वाली जनसभा के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

### पांच किलो गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक काफी पुराना चिकित्सा महाविद्यालय है। जो निरंतर ही जनहित व छात्रहित में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में ओबरॉय गैस एजेंसी शारदा रोड मेरठ ने विशेष 5 किलो 'छोटू' एलपीजी सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों राहत प्रदान करना है, जिनके पास एड्रेस प्रूफ (स्थायी निवास प्रमाण पत्र) नहीं है और जो छोटे कनेक्शन की आवश्यकता रखते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने बताया कि अब आधार कार्ड या किसी भी वैध पहचान पत्र को दिखाकर आसानी से 5 किलो का गैस सिलेंडर लिया जा सकता है, इसके लिए किसी एड्रेस प्रूफ की जरूरत नहीं है। उप प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टाँक ने कहा कि छात्रो की जरूरतों को देखते हुए 5 किलो एफटीएल सिलेंडर की आपूर्ति करायी गई है।

# वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम के तहत भारत के सीमावर्ती गांवों में स्किल-आधारित बदलाव ला रहा एमएसडीई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने बुधवार को नई दिल्ली के कौशल भवन में वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) के तहत एक 'कैपेसिटी बिल्डिंग एंड रिव्यू वर्कशॉप' का आयोजन किया। इस वर्कशॉप की थीम 'विकसित गांव फॉर विकसित भारत' थी। इस अवसर पर एमएसडीई की जॉइंट सेक्रेटरी हेना उस्मान, एमएसडीई की जॉइंट सेक्रेटरी मानसी सहाय ठाकुर, एमएसडीई की इकोनॉमिक एडवाइजर अर्चना मायाराम, एमएसडीई, गृह मंत्रालय और भागीदार मंत्रालयों, राज्य सरकारों के सीनियर अधिकारी और एसएसडीएम, जिला प्रशासन और एसएससी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम, गृह मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और लद्दाख के 662 गांवों को देश के आत्मनिर्भर और अच्छी तरह से जुड़े हुए फर्स्ट विलेजेस के रूप में विक. सित करना है। इसी विजन के अनुरूप, एमएसडीई इन क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए स्थानीय रूप से प्रासंगिक और मांग-आधारित कौशल विकास पहलों को बढ़ावा दे रहा है।

# जल निगम के प्लास्टिक पाइपों में लगी भयंकर आग

## धूं धूं कर जला लाखों के पाइपों का स्टॉक, फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

■ खुले में रखे थे जल निगम के प्लास्टिक के पाइप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महिला थाने के पास जल निगम के प्लास्टिक के पाइपों में भीषण आग लग गई। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में लाखों रुपये से अधिक के पाइप जलकर राख हो गए।

यह घटना महिला थाने के ठीक पास हुई, जहां जल निगम के प्लास्टिक के पाइप खुले में रखे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पास में पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग की चिंगारी इन पाइपों तक पहुंच गई, जिससे आग तेजी से फैल गई। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोग भयभीत हो गए और मौके पर भगदड़ मच गई। हालांकि, कई लोग आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। आग पर काबू पाए जाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है और आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल, कूड़े के ढेर से निकली चिंगारी को ही आग का संभावित कारण माना जा रहा है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश सिंघल के निधन पर जताया दुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जाने माने व्यापारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश सिंघल के निधन पर भाजपा नेताओं ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उनके निधन पर शोक जताया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद जैन एडवोकेट ने कहा की उन्हें अंतिम प्रणाम किया जाता है। उनके निधन से परिवार मे भी गहरा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि राकेश सिंगल के साथ बिताए गए पल मेरी स्मृति में सदैव जीवित रहेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट विनोद जैन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का ध्वज ओढ़ाकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह भी उनके आवास पर आए थे। उनकी अंतिम यात्रा भाजपा परिवार का भी उनके अंतिम दर्शन करने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। उन्हें भगवा ध्वज भी भारतीय जनता पार्टी की तरफ से अंतिम विदाई के समय दिया गया। राकेश सिंघल भाजपा के कर्मठ जुझारू पुराने लीडरों भाजपा के लीडर रहे हैं। भाजपा के लिए एक सच्ची सिपाही के रूप में वह कार्य कर रहे थे। आज उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट किया जाता है। इस मौके पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत छपरौली सभाकक्ष मे हुई जनगणना ट्रेनिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** नगर पंचायत छपरौली सभाकक्ष मे जनगणना-2027 की टैनिंग सम्पन्न हुई। 20 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक 03 दिन जनगणना-2027 की टैनिंग कराई गई। टैनिंग मे 33 प्रगणक, 04 रिजर्व प्रगणक, 06 सुपरवाइजर, 01 रिजर्व सुपरवाइजर कुल 44 प्रगणक/सुपरवाईजर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। अरविन्द कुमार एवं अरिवन्द कुमार तिवारी प्रवक्ता आदर्श वैदिक विद्यालय इण्टर कॉलिज सिनौली नंगला द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सीमा राघव अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत छपरौली के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कॉल मे तहजूब लिपिक, विशाल कुमार, अनिल कुमार, घनश्याम, नीरज देवी, सुलेखा जैन आदि मौजूद रहे।

# हिंडन पुल पर चलती कार में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बड़ौत मेरठ मार्ग पर बरनावा स्थित हिंडन नदी के पुल पर देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि कार सवार समय रहते बाहर निकल गए और सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, रंछाड़ गांव निवासी अजीत सिंह अपने पिता चरण सिंह और गांव के ही पुष्पेंद्र सिंह के साथ मेरठ से शादी समारोह में शामिल होकर पेट्रोल से चलने वाली आई-10 कार से वापस लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे जैसे ही उनकी कार बरनावा के पास हिंडन पुल पर पहुंची, चालक अजीत को कुछ जलने की गंध महसूस हुई। संदेह होने पर उसने तुरंत कार रोक दी। कार रुकते ही तीनों लोग बाहर निकल आए। इसी दौरान कार के अगले हिस्से से धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में आग की लपटें दिखाई देने लगीं। सवारों ने खुद ही मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। घटना की सूचना मिलते ही सरूरपुर और बिनौली पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। कार मालिक ने मामले की सूचना संबंधित थाने में दे दी है। शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है।



## एक नजर

# आठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रायोगिक प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक कॉलेज के कृषि संकाय अंतर्गत पादप रोग विज्ञान विभाग में अष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोज़गारोन्मुख कौशल से जोड़ते हुए उन्हें आधुनिक कृषि उद्यमों के प्रति प्रेरित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने ऑयस्टर मशरूम के उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास किया जा रहा है। सबसे पहले सब्सट्रेट के रूप में प्रयुक्त गेहूं के भूसे को फॉर्मेलिन एवं थायोफेनेट मिथाइल के घोल में लगभग 16 घंटे तक भिगोकर उसका निर्जीवीकरण किया गया। इसके पश्चात अतिरिक्त जल निकालकर नमी को लगभग 60-65 प्रतिशत के स्तर पर आ जाने पर विद्यार्थियों द्वारा मिक्सिंग विधि से स्पॉनिंग की गई, जिसमें स्पॉन को भूसे के साथ समान रूप से मिलाया गया। तैयार मिश्रण को पॉलीबैग में भरते समय उसे अच्छी तरह दबाकर सघन बनाया गया। बैग में छोटे-छोटे छिद्र बनाकर उन्हें कल्चर रूम में निर्धारित वातावरण में लटका दिया गया, जिससे मशरूम का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर कृषि अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा.पुखराज सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मशरूम उत्पादन को एक सशक्त स्वरोज़गार एवं उद्यमिता के अवसर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उद्यान विज्ञान विभाग के डा.सौरभ कुमार सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए आधुनिक बागवानी एवं मशरूम उत्पादन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। पादप रोग विज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा.रश्मि निगम ने विभाग में संचालित एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगारपरक कौशल के निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। यह समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पादप रोग विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य एवं कोर्स प्रशिक्षक डा.मुकेश कुमार के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अनुभवात्मक प्रोग्राम में विद्यार्थि उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं।

# कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम पंचायत का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर जिले के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

ग्राम प्रधानों ने मांग की कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। उनका कहना था कि सरकार को समय पर ग्राम पंचायत चुनाव कराने पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। समय पर चुनाव न होने की स्थिति में प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। प्रधानों ने आशंका व्यक्त की कि प्रशासकों की नियुक्ति से सरकारी धन का दुरुपयोग होगा और गांवों में चल रहे या प्रस्तावित विकास कार्य बाधित हो जाएंगे। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग दोहराई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रोहित धनखड़ ने कहा कि यदि समय पर चुनाव नहीं होते हैं तो प्रशासक नियुक्त नहीं किए जाने चाहिए, बल्कि ग्राम प्रधानों का ही कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि प्रशासकों की नियुक्ति से विकास कार्य रुकते हैं और धन की बंदरबांट होती है। धनखड़ ने बताया कि आज पैदल मार्च कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो आगे की रणनीति पर विचार कर आंदोलन किया जाएगा।

# बिजली की चिंगारी से 10 बीघा ईख में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। रामपुर मोहल्ला निवासी अनूप और चांद वीर की करीब 10 बीघा खड़ी ईख की फसल में आग लग गई। यह घटना खेकड़ा-बड़ा गांव मार्ग पर उस समय हुई जब खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में स्पार्किंग हुई।

मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर लगभग 3 बजे बिजली के तारों से निकली चिंगारी सीधे ईख की फसल पर गिरी। सूखी पत्तियों और तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और कुछ ही देर में पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद किसानों और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक 10 बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना में किसानों को लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित किसानों का आरोप है कि यदि बिजली विभाग द्वारा समय रहते लाइन की मरम्मत और उचित देखरेख की जाती, तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था। घटना के बाद किसानों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि उनकी पूरी मेहनत और लागत एक ही झटके में बर्बाद हो गई है।

# कांग्रेसियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देहात आमजन की गम्भीर विभिन्न समस्याओं को लेकर उनके शीघ्र निवारण के लिए एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया।

शहर के मुख्य बाजार लम्बे समय से भारी भरकम जाम रहता है। छात्र छात्राए व मरीज जाम मे फंसे रहते है व स्थायी रूप से बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। ई-रक्षा के रूट निर्धारित कर आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित हो गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खास जगहों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो बढते मच्छरो के प्रकोप की रोकथाम हेतु शहर व देहात में दवाई का छिड़काव कराया जाए। बडौत से सटी नहर की दोनों पटरियों का चोडीकरण कराया जाए। किसान फर्द मे त्रुटियो को लेकर परेशान है। शीघ्र निवारण हो प्राईवेट स्कूलों मे मनमाने ढंग से फीस व अभिभावकों पर पडने वाले अन्य चार्ज पर शिकंजा कसा जाए। बोझ को न्यूनतम किया जाए। शादी विवाह मे अभिभावकों को सिलेन्डर ने मिलने से किल्लत का सामना करना पड़ा रहा है। समय रहते व्यवस्था करायी जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर रविन्द्र तोमर रामरंग पंवार औमबीर दुहण मदन सिंह बिजेन्द्र शर्मा शोकेन्द्र तोमर याकूब अहमद डा.सुभाष शर्मा जावेद नन्दकिशोर शर्मा सोमपाल खुर्शीद आलम इरशाद दिलशाद मो.प्रवेज मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदि उपस्थित रहे।

# बीजेपी व युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस का पुतला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। पाठशाला चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका और (कांग्रेस मुर्दाबाद)के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

यह प्रदर्शन कांग्रेस द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक के 131वें संशोधन का विरोध करने से आक्रोशित होकर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इस विधेयक का विरोध कर महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा डालने का प्रयास किया है। इसी विरोध के चलते कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर एकत्र होकर नारेबाजी की और अपना आक्रोश व्यक्त किया। खेकड़ा भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप प्रजापति ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला विरोधी रही है और उसने महिलाओं के अधिकारों को दबाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं कांग्रेस के इस रवैये को कभी नहीं भूलेंगी और आने वाले समय में इसका जवाब देंगी। वहीं, युवा मोर्चा के जिला संयोजक अक्षय चौधरी ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने एक बार फिर महिलाओं के सशक्तिकरण को रोकने की कोशिश की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी कभी नहीं चाहतीं कि महिलाएं आगे बढ़ें और सशक्त बनें।

# दो बिटोडे एक भूसे के बुंग्गे में लगी आग, पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव के टिल्ले पर रखें दो बिटोडे एक भुषा के बुग्गे में किसी अज्ञात व्यक्ति ने या तो बीड़ी पीकर फेंक दी या किसी ने आग लगा दी जिसमें दोनों बिटोडे व एक भुष के बुग्गे में आग लग गई। आग लगने की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को सोनू कश्यप पुत्र ब्रह्मपाल कश्यप ने दी 112 नंबर डायल पुलिस ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड अग्निशमन बड़ौत को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक दोनों बिटोडे व भुष जल चुका था। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस ने पानी की बौछार लगाकर आग पर काबू पाया। सोनू कश्यप पुत्र ब्रह्मपाल कश्यप ने बताया कि लगभग 20 रुपए के आसपास का नुक़सान हो गया है। सोनू कश्यप ने बताया कि यह आज किसी अज्ञात व्यक्ति ने लगाई है जिसकी जानकारी लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। आग लगने की सूचना पाकर गांव के काफी संख्या में लोग टिल्ले पर जमा हो गए। हाथों में पानी की बाल्टियां लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। मगर आगबुझ नहीं पाई उन्होंने आंगन फागन में पुलिस की मदद लेकर आज पर काबू पाया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खेकड़ा में पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ के लगाए नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** एवन पब्लिक स्कूल में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर को हरे-भरे वातावरण से सजाया गया, जिससे छात्रों में पर्यावरण के प्रति प्रेम की भावना जागृत हुई।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने ड्रॉइंग और पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और अपने विचारों को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इन गतिविधियों के जरिए बच्चों को प्रकृति के संरक्षण और संतुलन बनाए रखने की सीख दी गई। इस मौके पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ‌ जैसे नारे लगाते हुए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से छात्रें ने समाज को संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। विद्यालय में बच्चों को पेड़ों की देखभाल करने और नियमित रूप से उन्हें पानी देने की शिक्षा भी दी गई। साथ ही जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए पानी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। अंत में सभी बच्चों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने का वचन दिया।

# लू से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा लपेट रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** लू और बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए लोगों ने चेहरे पर सूती कपड़े लपेटने शुरू कर दिया। लु का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया। मुसाफिर अपने छोटे वाहनों पर सवार होकर सर पर कपड़ा डालकर चल रहे हैं।

बुधवार को दिनभर गर्म हवाएं चलती रही बाजारों में भी रौनक कम होने लगी है। दोपहर के समय दुकानदार भी दुकानों में आराम फरमाने लगे हैं। शाम को सूरज ढलने पर बाजारों में कुछ खरीदार दिखाई देते है। बुधवार को दिनभर गर्मी का प्रकोप जबरदस्त रहा। ऐसे में गर्मी से लोगों ने राहत लेनी शुरू कर दी है। किसान भी सुबह 10 बजे के बाद खेतों में दिखाई नहीं दे रहे हैं जो खेत पर काम करते हैं, वह पेड़ के नीचे आराम फरमाकर शाम के टाइम अपनी खेती बाड़ी का काम निपटा रहे हैं। लु के थपेड़ो से राहत पाने के लिए लोग घरों में कैद होने लगे है। गर्म हवाएं चलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर पर तोलिया रखते मुंह पर कपड़ा लपेटकर किसान भी कार्य कर रहे हैं। पूरे एनसीआर क्षेत्र में भी जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। चल चिल्लाती धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग दिन के समय घरों में रहने को मजबूर हैं। बाजारों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है जबकि गांव में भी खेत खलियानों का काम दोपहर के समय लगभग ठप हो गया है। आज का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। गर्म हवाओं के कारण लोग जैसी स्थिति पूरे एनसीआर क्षेत्र में बनी हुई है। स्कूल कॉलेज में पहुंचने वाले छात्र-छात्राएं चेहरे पर मास्क सूती कपड़ा शरीर के ऊपर डालकर चल रहे है। इस बिशन गर्मी का असर व्यापार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर ग्राहक भी नहीं के बराबर नजर आए दुकानदार भी खाली बैठे नजर आए।

शहर के व्यापारी चिकारा गारमेंट अमित चिकारा बताते हैं सुबह के टाइम कुछ समय तक खरीदारी गिरा करते है। इसके बाद घर वापसी कर लेते हैं। बाजार दोपहर होते ही छूने पड़ जाते हैं हाला की शाम डालने के बाद तापमान कम होने पर बाजारों में फिर से रौनक लौट आई है। भारी गर्मी और लु के कारण कारोबार पर बीच का असर पड़ रहा है। किसान भी सुबह और शाम के समय ही खेतों में काम कर रहे किसान सुरेश शर्मा धर्मवीर त्यागी रमेश कश्यप धर्मपाल सिंह सूबेदार हरपाल सिंह बताते हैं।

दोपहर में धूप के कारण कामकाज बंद करना पड़ रहा है।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फिरोज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
भूरू पुत्र रफीक निवासी मौ.कैतीपुरा पुराना कस्बा जनपद बागपत।

**सूचना**

हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र साहिल व पुत्रवधू नरगिस से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
नौशाद पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम माल माजरा थाना बिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

# हाईटेंशन लाइन पर मंडराता खतरा, स्मार्ट मीटर से परेशान जनता पहुंची डीएम के दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के मोहल्ला राजीव विहार, सैनी नगर, रफीक नगर एवं मजीद पूरा के दर्जनों महिला-पुरुषों ने बुधवार को एकजुट होकर नवनियुक्त जिलाधिकारी कविता मीणा को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान लोगों ने क्षेत्र में व्याप्त बिजली संबंधी समस्याओं और संभावित खतरे को लेकर गहरी चिंता जताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में सबसे प्रमुख मुद्दा करीब 60 वर्ष पुरानी हाईटेंशन लाइन का रहा, जो घनी आबादी के ऊपर से गुजर रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह जर्जर लाइन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि आए दिन चिंगारी गिरने और तारों के झूलने की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में लगातार भय बना हुआ है। लोगों ने मांग की कि इस हाईटेंशन लाइन को तत्काल प्रभाव से आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए।

इसके अलावा, क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर भी लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हो गए हैं। कई लोगों का कहना है कि पहले की तुलना में बिल दोगुने तक आ रहे हैं। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद 1912 हेल्पलाइन पर कोई ठोस समाधान नहीं मिलता। संबंधित विभागीय अधिकारी भी अक्सर अपने कार्यालयों में उपलब्ध नहीं रहते, जिससे समस्याएं लंबित पड़ी रहती हैं। इसके साथ ही बिना पूर्व सूचना के बार-बार हो रही बिजली कटौती ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पोस्टपेड व्यवस्था को समाप्त कर जबरन प्रीपेड मीटर लागू किए जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं के हितों के विपरीत है। क्षेत्रवासियों ने मांग की कि इस प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जब तक सभी पहलुओं की स्पष्टता न हो, तब तक स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। जिलाधिकारी कविता मीणा ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।



# टप्पेबाजी कर लोगों को लूटने वाले 5 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर में अपराध और अपराधियों की कमर हापुड़ कोतवाल विनोद पांडेय ने तोड़ दी है। उनकी सख्त कार्यशैली से शहर में अपराध पर लगातार अंकुश लग रहा है और अपराधियों पर शिकंजा कसता जा रहा है। इसी कड़ी में थाना हापुड़ नगर पुलिस ने लोगों को लालच देकर टप्पेबाजी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने ब्रेनबेक्स स्कूल अंडरपास के पास घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविंद्र पुत्र जयप्रकाश, रिकू पुत्र जयप्रकाश, विजय उर्फ सीटू राठी पुत्र कृष्णवीर राठी, प्रशांत पुत्र प्रहलाद निवासीगण भीमनगर गिरधारी नगर थाना हापुड़ देहात तथा नीरज पांचाल पुत्र सुनील पांचाल हाल निवासी शिव विहार करावल नगर दिल्ली, स्थायी निवासी ग्राम ईकड़ी थाना सरधना जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, एक पीली धातु की अंगूठी, 5000 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लोगों को लालच देकर ठगी का शिकार बनाते थे और मौका पाकर उनका सामान हड़प लेते थे। गिरोह काफी समय से सक्रिय था और शहर में कई घटनाओं को अंजाम दे चुका था। पुलिस का कहना है कि शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।



# चार्ज लेते ही जनता के बीच पहुंचीं डीएम कविता मीणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की नई जिलाधिकारी कविता मीणा ने कार्यभार संभालते ही अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट कर दिया है। पहले ही दिन उन्होंने साफ संकेत दे दिए कि प्रशासनिक व्यवस्था का केंद्र बिंदु आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। बुधवार को चार्ज ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दरबार में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, राशन कार्ड, विद्युत एवं पुलिस से जुड़ी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी कविता मीणा ने हर शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिकायतों को लंबित रखने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और पीड़ित व्यक्ति को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और जनता से जुड़े मुद्दों पर विशेष फोकस रहेगा।

चार्ज संभालने के पहले ही दिन सक्रियता दिखाते हुए जिलाधिकारी कविता मीणा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रशासन अब अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और जनहित में कार्य करने वाला होगा। उनके इस सख्त लेकिन जनहितकारी रुख से आम जनता में उम्मीद जगी है कि अब उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से होगा।



# नो पार्किंग में खड़े वाहन उठाए, अवैध अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर को जाम से राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए मंगलवार को फ्री गंज रोड पर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की। यातायात सीओ राहुल यादव और नगरपालिका के राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार और टीआई नरेश कुमार के नेतृत्व में चले इस अभियान में सड़क किनारे फैले अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया, वहीं नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के चालान भी काटे गए। मौके पर मौजूद बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि वे अपने ग्राहकों के वाहनों की उचित पार्किंग सुनिश्चित कराएं, ताकि सड़क पर जाम की स्थिति न बने।

कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालकों के चालान किए गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अचानक हुई इस सख्ती से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा सड़क पर अतिक्रमण किया गया तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यातायात सीओ राहुल यादव ने कहा कि शहर में बढ़ते जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य बाजारों और व्यस्त मार्गों पर अवैध अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हमारा प्रयास है कि शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी और किसी भी सूरत में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैंक और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर अनियंत्रित पार्किंग को लेकर भी सख्ती बरती जाएगी। संबंधित संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी व्यवस्था दुरुस्त करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। राहुल यादव ने यह भी कहा कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। शहरवासियों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी को सुगम और सुरक्षित आवागमन का लाभ मिल सके।




# खाद्य विभाग ने भरे सैंपल व काटा चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में मिलावटखोरी और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर खाद्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी छापेमारी कार्रवाई की। टीम ने तगासराय स्थित जोया कांड्रिंक्स और मोदीनगर रोड पर बंसल ट्रेडर्स पर छापा मारकर विभिन्न पेय पदार्थों के सैंपल भरे। इस दौरान बंसल ट्रेडर्स पर भारी गंदगी मिलने पर विभाग ने चालान की कार्रवाई भी की, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता और शहरीश के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान जोया कांड्रिंक्स तगासराय पर एक्वा, कैच कोला, क्लियर और देव लीची जैसे उत्पादों के नमूने लिए गए। टीम ने मौके पर उत्पादन और पैकेजिंग की प्रक्रिया की जांच की और गुणवत्ता मानकों का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम मोदीनगर रोड स्थित बंसल ट्रेडर्स पहुंची, जहां सिग्नेचर ब्रांड ड्रिंकिंग पैकेज्ड वाटर और लीची ड्रिंक के सैंपल लिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर गंदगी और साफ-सफाई की खराब स्थिति मिलने पर अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर ही चालान की कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता ने बताया कि जनपद में मिलावटखोरी और घटिया गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि खाद्य पदार्थों का निर्माण और विक्रय करने वाले सभी व्यापारी स्वच्छता और गुणवत्ता के नियमों का पालन करें। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर साफ-सफाई को लेकर गंभीर खामियां सामने आई हैं, जो बेहद चिंताजनक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर न केवल चालान किया जाएगा, बल्कि आवश्यकतानुसार लाइसेंस निरस्त करने जैसी कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।



# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी कविता मीणा एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कविता मीणा कंट्रोल रूम पहुंचीं, जहां से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से विभिन्न केंद्रों की गतिविधियों को देखा और वहां मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कंट्रोल रूम में तकनीकी व्यवस्थाओं, निगरानी प्रणाली और स्टाफ की तैनाती का भी गहन निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर कक्षाओं में सीटिंग प्लान, साफ-सफाई और परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी परीक्षार्थी को असुविधा न हो और सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और हर गतिविधि पर नजर रखी जाए, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जनपद में परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।



## एक नजर

# कविता माधरे के नेतृत्व में महिलाओं का शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नारी वंदन अधिनियम को लेकर सियासत तेज होती जा रही है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष कविता माधरे के नेतृत्व में महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जनाक्रोश महिला पदयात्रा निकाली। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और प्लेकार्ड लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और तगासराय गेट पर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

पदयात्रा की शुरुआत तगासराय स्थित रामनिवास कॉलेज से हुई, जो शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए तगासराय गेट तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने नारी शक्ति के समर्थन में आवाज बुलंद की और विपक्षी दलों पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया है और ये दल नहीं चाहते कि महिलाएं देश और प्रदेश की राजनीति में आगे बढ़ें। जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, नारी वंदन अधिनियम सिर्फ एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने का संकल्प है। लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने हमेशा महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर राजनीति की है। आज जब महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने की बात हो रही है, तब ये लोग इसका विरोध कर रहे हैं, जो उनकी सोच को साफ दर्शाता है। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि देश की महिलाएं अब जाग चुकी हैं और अपने अधिकारों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जो लोग नारी शक्ति के खिलाफ खड़े हैं, उन्हें आने वाले समय में जनता करारा जवाब देगी। यह पदयात्रा सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि महिलाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी तरह कार्य करती रहेगी। पदयात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में माहौल गरमाया रहा और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पायल गुप्ता, छवि दीक्षित, मंजू सिंघल, कशिश, काजल, विजेता, मनु, रेणु, मिथलेश, अनु, मानसी, विनीता, पूजा, कविता, रेखा, सीमा, जयवती, दिव्या, मंजू रूबी, ज्योति, कृष्णा, मोनिका, प्रीति, आरुषि, अंशिका, पूनम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। महिला पदयात्रा और पुतला दहन के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि नारी वंदन अधिनियम के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का विरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और महिला सशक्तिकरण के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# धर्म बदलने पर परिवार के लोग बने दुश्मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने पति द्वारा धर्म बदलकर शादी करने के बाद ससुराल पक्ष से जान का खतरा बताया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर परी मामले की जांच शुरू कर दी है।

जनपद मुरादाबाद के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 2024 में उसकी मुलाकात सिंभावली के एक युवक से हुई थी। युवक ने फरवरी 2024 में अपना धर्म बदलकर मंदिर में शादी कर ली। अब दोनों ने मिलकर कोर्ट में शादी की। इसकी जानकारी युवक के परिवार के लोगों को हुई तो उसके परिवार के लोग अब उनकी जान से दुश्मन बन गए है। पीड़िता ने बताया कि उसके ससुराल पक्ष के लोग अब उसकी और उसके पति की जान के दुश्मन बने है। उनसे उनकी जान का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर निवासी सलमान ने बताया कि उसके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। तभी पड़ोसी के बच्चों से खेल-खेल में कहासुनी हो गई। मौके पर लोगों ने फैसला करा दिया, लेकिन कुछ देर के बाद पड़ोसी वहां आया और गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उस पर घर में घुसकर हमला कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लापता किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ले से लापता हुई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। किशोरी को बरामद करने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बता दें कि नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। उसको परिवार के लोगों ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने किशोरी को एक स्थान से सकुशल बरामद कर लिया।

# मुकदमें में फैसला न करने पर धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के हरोड़ा रोड निवासी युवक ने रिश्तेदार पर मुकदमें में फैसला न होने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी बहन का पति से विवाद चल रहा है। विवाद के कारण मामला न्यायालय में चल रहा है, जिसमें निरंतर तारीख लग रही है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व तारीख पर उसका बहनोई आया, और उसकी दुकान पर आने के बाद उसको फैसला न होने पर धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डंपिंग ग्रांउड में लगी आग, धुंए से लोग हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट तीर्थ नगरी ब्रजघाट के पास दिल्ली लखनऊ हाईवे किनारे बने डंपिंग ग्राउंड में पिछले कई दिनों से लगी आग राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। यहां से गुजरने वाले लोगों एवं यहां रहने वाले लोग इसके कारण काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं। चंद कदमों की दूरी बने टोल प्लाजा पर वाहनों के रूकने के कारण यह समस्या अधिक गंभीर बन रही है।

बता दें कि दिल्ली लखनऊ हाईवे के किनारे गांव अल्लाबख्शपुर में नगर पालिका द्वारा डंपिंग ग्राउंड बना हुआ है। इस डंपिंग ग्राउंड में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई इसके कारण यहां हाईवे पर धूंए का गुब्बार बन गया। डंपिंग ग्राउंड में लगी आग के कारण यह खतरनाक धुंआ देर शाम तक लोगों के परेशानी का सबब बना रहा। दुर्गंध युक्त जहरीले धुएं से आसपास की आबोहवा खराब हो गई। सूचना ग्रामीणों ने नगर पालिका अधिकारियों को दी। सूचना पर पहुंचे नगर पालिका कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास करना शुरू कर दिया। नगर पालिका चेयरमैन राकेश बजरंगी ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड में शरारती तत्वों द्वारा आग लगाने से धुआं फैला है। नगर पालिका के कर्मचारी हर बार आग बुझाते हैं। डंपिंग ग्राउंड में आग लगाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

# ससुराल पक्ष पर लगाया घर से निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसके पति एक मजार पर देख रेख कर परिवार का पालन पोषण करते थे। कुछ दिन पूर्व उनके पति की मौत हो गई। पति की मौत के बाद उनके हिस्से में एक कमरे में रहकर पालन पोषण कर रही है। पीड़िता ने बताया कि अब उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके कमरे से सामान फेंक कर बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा 9 मई को

y[kuÅA जन सामान्य को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने हेतु 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ मलखान सिंह के कुशल दिशानिर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई की तैयारियों की समीक्षा हेतु मंगलवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा द्वारा बैंको एवं फाइनेंस कम्पनी के जिला समन्वयकों/पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला अग्रणी प्रबन्धक, बैंक ऑफ इण्डिया मनीष पाठक के साथ भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेन्ट्रल बैंक, इण्डियन ओवरसीज बैंक, आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, बैक ऑफ बड़ौदा, यश बैंक, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, एक्सिस बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, टाटा, काशी कैपिटल प्रा0लि0, बंधन बैंक, चोलामण्डलम, आई0डी0बी0आई0बैंक के पदाधिकारीगण एवं पैनल अधिवक्ता उपस्थित रहे। सचिव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाये जाने वाले वादों की समीक्षा की गयी तथा बैंठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी बैक शाखाओं में बैनर आदि लगाकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार कराये तथा समय से नाटिस आदि तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्याल में प्रेषित करे जिससे ससमय नोटिसों का तामील कराया जा सके साथ ही वाटसप, मैसेज आदि के माध्यम से भी लोगों को सूचित करें जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके।

# महंगाई और रोजगार पर जवाब दे भाजपा: सुनील सिंह

y[kuÅA लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की "जनाक्रोश रैली" पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भाजपा को सच में जनता के मुद्दों के लिए सड़क पर उतरना था, तो वह महिलाओं की आड़ लेने के बजाय महंगाई, गैस की भारी किल्लत, भोजन की बढ़ती कीमतों और युवाओं को रोजगार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर उतरती, तो लोगों का विश्वास भी मजबूत होता।

उन्होंने कहा कि आज देश की आम जनता महंगाई से त्रस्त है, रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दो वक्त का भोजन जुटाना कठिन हो रहा है, जबकि युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

ऐसे में भाजपा का महिलाओं के नाम पर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास पूरी तरह से जनता को गुमराह करने वाला है। सुनील सिंह ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा द्वारा विपक्ष पर लगाए जा रहे आरोपों को भी भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को वास्तविक आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी देने के बजाय भाजपा केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है, जबकि ठोस कदम उठाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल नारों और रैलियों से नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के ठोस कदमों से सुनिश्चित होता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इन मूल मुद्दों पर विफल रही है और अब जनाक्रोश को भटकाने के लिए ऐसे आयोजन कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं का विरोध केवल विपक्ष के ऊपर थोप देने से इस बार चुनाव में राजनीतिक "रोटी सेंकने" की कोशिश सफल नहीं होगी।

